दिनांक 26.02.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सासाराम जिलान्तर्गत नोखा प्रखंड में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-

---

<u>उपस्थितिः-</u>

(i)	**श्री मनोज कुमार सिंह,** मुख्य अभियंता (दक्षिण), भवन निर्माण विभाग, पटना।	-	**अध्यक्ष**
(ii)	**श्री अरविन्द कुमार सिंह,** अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, आरा।	-	**सदस्य**
(iii)	**श्री राजेश कुमार सिंह,** कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम।	-	**सदस्य**

1	कार्य का नाम	-	सासाराम जिलान्तर्गत नोखा प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का	-	₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	-	₹10,70,27,300/- (मु0अभि0(नि0) का पत्रांक-1090(नि0) अनु0 दिनांक-12.07.2025)
4	परिमाण विपत्र की राशि	-	₹ 10,64,40,842/- (असैनिक कार्य)
5	निविदा की राशि	-	₹ 12,87,01,586/-
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	-	पी0आर0संख्या-019923(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-20.12.2025 में प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	-	16.12.2025
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	-	05.01.2026 / 09.01.2026
9	निविदा की तिथि	-	17.01.2026
10	निविदा खोलने की तिथि	-	19.01.2026
11	<u>निविदादाता का नाम एवं पता</u>	-	(1) संजीव ब्रदर्श कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, चरित्रवन, बक्सर। (2) रोहित वर्मा, रानीगंज, गया। (3) मे0 शिवा फैब इण्डिया, ग्राण्ड चन्द्रा मार्केट, सासाराम। (4) मदन मोहन तिवारी, नोखा, रोहतास।

12 **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>**

<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक 02.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम द्वारा निविदा मे शामिल कुल चार निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र

फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा चार निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

प्रथम निविदाकार संजीव ब्रदर्श कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, चरित्रवन, बक्सर द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

द्वितीय निविदाकार रोहित वर्मा, रानीगंज, गया द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदाकार मदन मोहन तिवारी द्वारा दिये गये आपत्ति के आलोक में निविदाकार रोहित वर्मा के अपलोड किये गये अनुभव प्रमाण-पत्र की सत्यापन के उपरांत पुनः जॉच करायी गयी। जिसके आलोक में BSEIDC के वेबसाईट पर अपलोड किये गये मुख्य अभियंता (BSEIDC) द्वारा निर्गत एल0ओ0ए0 की प्रति डाउनलोड कर समीक्षा की गयी जिसमें रोहित वर्मा का अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड किये गये अनुभव प्रमाण-पत्र से कम राशि का पाया गया। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम के पत्रांक-642 अनु0 दिनांक-19.02.2026 के द्वारा भी उक्त अनुभव प्रमाण-पत्र को गलत बताया गया है। अतः निविदाकार रोहित वर्मा, रानीगंज, गया को असफल घोषित किया जाता है तथा उक्त निविदाकार पर निविदा प्राप्त करने के लिए गलत कागजात समर्पित करने के कारण **बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकती है।**

तृतीय निविदाकार मे0 शिवा फैब इण्डिया, ग्राण्ड चन्द्रा मार्केट, सासाराम द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

चतुर्थ निविदाकार मदन मोहन तिवारी, नोखा, रोहतास द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

इस प्रकार चार निविदाकार में से तीन निविदाकार को **''रिसपॉन्सिव''** एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

13 **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त वित्तीय बीड पर कार्रवाई के क्रम में पाया गया कि विषयांकित निविदा में न्यूनतम निविदाकार रोहित वर्मा, रानीगंज, गया को निविदा प्राप्त करने के लिए गलत कागजात समर्पित करने के कारण **बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई करते हुए** निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-	ह0/-	ह0/-
(राजेश कुमार सिंह)	(अरविन्द कुमार सिंह)	(मनोज कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता,	अधीक्षण अभियंता,	मुख्य अभियंता (द0),
भवन प्रमंडल, सासाराम।	भवन अंचल, आरा।	भवन निर्माण विभाग,
		बिहार पटना।

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-01-65/2025 723 पटना/दिनांक 27/02/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/02/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/Block.T.P-1/2026/docx 104